
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पहाड़ी गांवों में डामरीकरण करने के नाम पर खुलेआम धन की बर्बादी

**जिम्मेदार कौन**

## ग्रमीणों ने लोनवि पर लगाया उपेक्षा का आरोप

दो दर्जन गांवों को जोड़ने वाली सड़क आठगांव शिलिंग झौलखेत सड़क पडी खस्ताहाल।

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जिले महत्वपूर्ण सड़कों में आठगांव झौलखेत सड़क वर्तमान में पूरी तरह गड्ढो व खस्ताहाल अवस्था में पड़ी हुई है। जानकारी के मुताबिक सड़क में डामर कम जगह जगह पड़े हुए गड्ढे दुर्घटना को दावत देने में तुले हुए है। बता दें कि आठगांवशिलिंग व झौलखेत गांव को जोड़ने वाली इस सड़क के खस्ताहाल पड़े होने के कारण वर्तमान में यहां की दस हजार से भी अधिक की आबादी खासतौर परेशानी झेलने को विवश हो चुकी है।

हाल ही में तीन माह पूर्व इस सड़क पर कराया गया डामरीकरण अब जगह जगह पर टूट चुका है।



वही हालात यह है कि सीमांत के सूदूरवर्ती पहाड़ी गांवों में डामरीकरण करने के नाम पर खुलेआम धन की बर्बादी होती खासतौर ऐसे हालातों में ये तस्वीर बयां करती नजर आ रही है। वही दूसरी ओर सड़क में पड़े जगह जगह गड्ढों पर दुपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल राहगीर व स्कूली बच्चे तक चोटिल हो रहे है।

विगत लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण सड़क की दशा को सुधारने की मांग को लेकर कई बार संबधित महकमें लोनवि को चेता भी चुके है मगर आजतक संबधित महकमें द्वारा गांव की ग्रमीण जनता की उपेक्षा ही की गई। तीन माह पूर्व किया गया डामरीकरण दो सप्ताह के भीतर पूरी तरह से उखड़ चुका है।

वही ऐसे में दुर्घटनाओं का खतरा मंडराने के आसार बड़ चुके है। यह सड़क सीमांत के चौबीस गांवों के अलावा जवाहर नवोदय विघालय को भी जोड़ती है।

हालात अतने बद्दतर हो चुके है कि संबधित महकमें की उदासीनता की मार पूरे गांव के ग्रमीणों को झेलनी पड़ रही है।

इस बारे में लोनवि पिथौरागढ़ के सहायक अभियंता ने जानकारी दी है कि आठगांव झौलखेत सड़क के सुधारीकरण को लेकर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है जल्द ही सड़क की दुर्दशा को सुधारने के प्रयास शुरू कर दिये जायेगें।

## न्यूज डायरी

### सभी प्रकार के राशन कार्डो पर 2 किलो चीनी पुनः वितरण शुरू करें सरकार

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता,उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,और महासचिव आरिफ वारसी ने एक सयुंक्त विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश सरकार के उस निर्णय की आलोचना कि है जिसमे सरकार ने प्रति एक राशन कार्ड पर मिलने वाली 2 किलो चीनी बन्द कर दी है। उन्होने आगे कहा है कि सरकार पीले राशन कार्ड पर कार्ड धारक को 5 किलो गेहूँ और 2 किलो चांवल दे रही है जो इस मंहगाई के दौर मे बहुत कम है। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने प्रदेश सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी से जनहित मे आग्रह किया है कि वह सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानो पर गेहूँ चांवल की मात्रा में वृद्धि कर 10 किलो गेहूँ और 5 किलो चांवल पीले राशन कार्ड पर भी दे और सभी प्रकार के राशन कार्डो पर 2 किलो चीनी पुनरू वितरण शुरु कर दे।

### भाजपा के पास किसानों के लिए योजना नहींः हरीश रावत

**संवाददाता** मंगलौर(रुड़की)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गन्ने का दाम घोषित न होने पर लिब्बरहेड़ी चीनी मिल पर करीब आधे घंटे तक मौन धारण कर धरना दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक चीनी मिल पर पहुंच गए। धरने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जल्द गन्ने का दाम घोषित नहीं किया तो प्रदेश का किसान चीनी मिलों पर धरना देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास किसानों के लिए कोई योजना और नीति नहीं है। सोमवार शाम को इंटरनेट मीडिया पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक पोस्ट डाली, जिसमें उन्होंने कहा कि वह दिल्ली से देहरादून जाते समय रास्ते में मंगलौर के पास उत्तम चीनी मिल लिब्बरहेड़ी पर धरना देंगे। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक काजी निजामुद्दीन और उनके समर्थक चीनी मिल पर पहुंच गए।

### आयकॉनिक सीजन–2 शो ऑडिशन 31 अक्टूबर को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के युवाओं को मॉडलिंग और एक्टिंग की राह में एक बार फिर से मौका देने के लिए हेस प्रोडक्शन के ऑनर समीर मलिक और आनंद कुमार मिस्टर एंड मिस देहरादून आयकॉनिक सीजन 2 शो का आयोजन कर रहे हैं। इस शो के द्वारा वह युवाओं को उनकी योग्यता को पेश करने का मोका दे रहे हैं। इसके साथ–साथ वह मॉडलिंग और एक्टिंग में युवाओं के भविष्य बनाने का काम भी कर रहे हैं। इस शो के ऑडिशन 31 अक्टूबर सिटी जंक्शन मॉल आईएसबीटी में आयोजित किया जायगा। जिसमें ऋतिक कुमार, मानसी शर्मा, मुर्सलीन राज, दानिश राज तथा अन्य टॉप मॉडल उपस्थित होंगे।

## भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहीः कपरूवाण

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि महासभा की केंद्रीय कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील थपलियाल ने की। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कपरुवाण शास्त्री ने कहा की जिस तरह से उत्तराखंड में भ्रष्टाचार अपनी सीमाओं को लांघ चुका है जो बहुत ही चिंतादायक है।

सरकारी विभागों में आम आदमी के कार्य बिना रिश्वत एवं जान पहचान की होना नामुमकिन सात साबित हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार को मजबूती से बढ़ावा मिला है। लगभग साढ़े चार वर्षों में भाजपा सरकार ने रोजगार के नाम पर सिर्फ नौजवानों को छलने का काम किया है भाजपा सरकार ने उत्तराखंड को बेरोजगार नौजवानों का राज्य बना दिया, जबकि रोजगार के नाम पर करोड़ों रुपया सरकार ने विज्ञापन पर खर्च कर दिए। उत्तराखंड में रोजगार सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित रहा। इस अवसर पर महासभा के केंद्रीय संगठन मंत्री धन सिंह पवार केंद्रीय संगठन मंत्री मनवीर सिंह नेगी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता आशीष नौटियाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी प्रसाद सती, जिला महामंत्री रवि डबराल, राजेश, नीलम नेगी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 'वन कीट और रोग प्रबंधन में जैव प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण' पर वेबिनार आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। वन संरक्षण प्रभाग एफआरआई देहरादून द्वारा वन कीट और रोग प्रबंधन में जैव प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. ए .एस. रावत ने वेबिनार का उद्घाटन किया है। इस वेबिनार में डॉ. ओ.एन. तिवारी, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृ अनुप–आईएआरआई, नई दिल्ली ने साइनोबैक्टीरिया के संरक्षण और उपयोग पर जोर देकर कहा कि हाल के वर्षों में सायनोबैक्टीरिया ने जैव प्रौद्योगिकी में अत्यधिक रुचि प्राप्त की है और इसे वैकल्पिक ऊर्जा का एक बहुत ही आशाजनक स्रोत माना जाता है। इसके अलावा, साइनोबैक्टीरिया को जैविक रूप से सक्रिय यौगिकों के एक समृद्ध स्रोत के रूप में पहचाना गया है।



### दो मंजिले आवासीय भवन में लगी आग

**संवाददाता** पुरोला। नगर पंचायत पुरोला के कोर्ट रोड़ में एक दो मंजिले आवासीय भवन में आग लग गई। आग से मकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। इस आवास में चार परिवार रहते थे। घटना सुबह करीब सवा नौ बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही फायर,पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार यहां सबसे पहले सिलेंडर फटने की आवाज सुनाई दी उसके बाद आग की लपटे दिखाई दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि यहां यशवंत राणा,सुरेन्द्र राणा, निशा,शांति देवी अपने बच्चो के साथ किराए पर रहते है। उन्होने बताया कि चार किराएदार सहित दो,तीन कमरो में मकान मालिक का सामान भी था जो कि जलकर नष्ट हो गया है।


**कार्यालय नगर निगम देहरादून**

**ई–निविदा सूचना**

पत्रांक सं0 1986 दिनांक 11–10–2021

नगर निगम देहरादून द्वारा राज्य अथवा केन्द्र सरकार के शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों/निगमों में वर्ष 2021–22 हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को नगर निगम, देहरादून क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य की पुनः अल्पकालीन निविदा टू–बिड सिस्टम के तहत ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 01–11–2021 तक आमंत्रित की जाती है। सम्बन्धित कार्य में दक्ष फर्मो को इस हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। निम्नलिखित कार्य की तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 18–10–2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 31–10–21 को अपरान्ह 4.00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोडिंग/अपलोडिंग के लिए उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

| घोषणा सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) जी0 एस0 टी0 सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य +(18%.एस.टी. सहित) रू0में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37/2020 | विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत ब्रहमपुरी वार्ड नं0–74 में लगभग 5कि0मी0 आंतरिक नालियों का निर्माण। | Rs.50.00 Lac | 1,00,000.00 | 4720.00 | 3 माह | 03 |
| 49/2020 | विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत सेवलाकला वार्ड नं0–86 में सेवलाकला जोहड का रख–रखाव व वनीकरण एवं वाकिंग ट्रैक का निर्माण | Rs.50.00 Lac | 1,00,000.00 | 4720.00 | 3 माह | 03 |

निविदा धनराशि तथा धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 वरिष्ठ वित्त अधिकारी नगर निगम देहरादून के नाम से प्लेज करनी होगी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते तथा तत्सम्बन्धित जानकारी नगर निगम देहरादून की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com में अवलोकन एवं प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून के पास सुरक्षित होगा।

नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून